सतना | मंगलवार | 28 अक्टूबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 055 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्र हित का प्रहरी १९३४ से



5 बेहतर कृषि शिक्षा के लिए खाली पद शीघ्र भरें



6 नक्सली पुनर्वास की नई योजना



7 मजबूत मांग के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी



8 भारत ने एशियाई एथलेटिक्स में तहलका मचाया, जीते 20 स्वर्ण

# मध्यप्रदेश में आज से एसआईआर

**12** राज्यों में है 51 करोड़ मतदाता | **02** दशक बाद मतदाता सूची में अशुद्धियों को दूर करने रिवीजन जरूरी : ईसी | **5.33** लाख बीएलओ करेंगे एसआईआर | **18** साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है

**नई दिल्ली 27 अक्टूबर. मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने देश में दूसरे चरण में होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा की है. इस चरण में देश के 12 राज्यों को एसआईआर के अंदर कवर किया जाएगा. इसके अंतर्गत पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, पुडुचेरी, मध्य प्रदेश, लक्षद्वीप, केरल, गुजरात, गोवा, छत्तीसगढ़ के अलावा अंडमान और निकोबार में एसआईआर प्रस्तावित है.**

उन्होंने यह भी साफ किया कि सोमवार रात इन राज्यों की मतदाता सूची को फ्रीज कर दिया जाएगा. एसआईआर मंगलवार से शुरू होगी और 7 फरवरी को खत्म होगा.

ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर कराने की आवश्यकता पर जोर दिया और बताया कि पिछली बार 2000 से 2004 के बीच



एसआईआर हुई थी, ऐसे में करीब दो दशक बाद मतदाता सूची में अशुद्धियों को दूर करने के लिए विशेष इंटेसिंव रिवीजन जरूरी है. हर चुनाव से पहले इलेक्ट्रोरल रोल का रिवीजन जरूरी है. विगत कुछ वर्षों में कई राजनीतिक पार्टियों ने मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध न होने पर आपत्ति जताई है. इसलिए चुनाव आयोग ने निर्णय लिया कि पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से एसआईआर करवाई जाएगी, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीईसी ने बिहार में हुई एसआईआर की तारीफ की. उन्होंने साफ किया कि इस दौरान राजनीतिक दलों ने शून्य आपत्तियां दर्ज कराई, जो दिखाता है कि बिहार की मतदाता सूची अब तक की सबसे शुद्ध मतदाता सूची है. उन्होंने बताया कि एसआई में 103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा. नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा.

### क्या है एसआईआर

चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है. इससे वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है. इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है. ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है या जो शिफ्ट हो चुके हैं, उनके नाम हटाए जाते हैं. वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है. बीएलओ घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं. एसआईआर वाले 12 राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता हैं. इस काम में 5.33 लाख बीएलओ और 7 लाख से ज्यादा बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे.

## प्रदेश में भी संदिग्धों से मांगे जाएंगे दस्तावेज

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** चुनाव आयोग की घोषणा के बाद प्रदेश में भी स्पेशल इंटेसिंव रिवीजन एसआईआर की तैयारी पूरी कर ली गई है. अब प्रदेश में भी संदिग्धों से दस्तावेज मांगे जाएंगे. प्रदेश के सभी बूथों में वोटर लिस्ट का गहन परीक्षण होगा. सभी मतदाता की नये सिरे से पहचान सुनिश्चित की जाएगी.

प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया के लिये सरकारी अमले की ट्रेनिंग का काम पूरा कर लिया गया है. चुनाव आयोग की घोषणा के बाद सोमवार रात 12 बजे से मतदाता सूची को फ्रीज कर लिया जाएगा. मतदाता सूची को फ्रीज करने के बाद बूथ लेवल अधिकारी अब सभी वोटरों के घर जाएंगे और उन्हें फॉर्म देंगे. ये फॉर्म एकत्रित करने की जिम्मेदारी भी बीएलओ की होगी. इस प्रक्रिया के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाता के घर जाएंगे. मंगलवार 28 अक्टूबर से प्रिंटिंग ट्रेनिंग का काम शुरू होगा, वहीं घर-घर गणना का काम 4 नवंबर से शुरू होगा, जो कि एक माह तक चलेगा.

**प्रदेश में हैं 65014 पोलिंग बूथ:** प्रदेश में 5 करोड़ 74 लाख से अधिक वोटर हैं, वहीं 65014 पोलिंग बूथ हैं. एसआईआर के काम में एक लाख 19 हजार से अधिक बीएलओ जिम्मेदारी निभाएंगे. इस दौरान राजनीतिक दलों के बीएलए यानी बूथ लेवल एजेंट भी इस काम की निगरानी बूथ स्तर पर करेंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि ये पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से हो. एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा.

### एक नजर में



### एकता नगर में 31 को होगी मूविंग परेड

**गांधीनगर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में अखंड भारत के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर-स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को उजागर करते हुए मूविंग परेड आयोजित की जाएगी. राज्य के मुख्य सचिव पंकज जोशी और पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने इस भव्य समारोह की समग्र कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी. बताया कि इस वर्ष सरदार साहब की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के शानदार और अनूठे समारोह होंगे. दोनों अधिकारियों ने बताया कि इस परेड में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस का प्रदर्शन करने वाले बीएसएफ के 16 वीरता पदक विजेता और सीआरपीएफ के पांच शौर्य चक्र विजेता बहादुर जवान भी खुली जिप्सी में सवार होकर शामिल होंगे.

### रूस में अनलिमिटेड रेंज की मिसाइल का टेस्ट

**मॉस्को.** रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है. दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है. राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
आपका सपना आपका घर
आपका पैसा फैसला आपका
किसी के बहकावे से बचें
किसी प्रकार का कोई कमीशन नहीं
जो फायदा हम देंगे वो ग्राहक को
मटेहना टाईल्स बाजार


### चोटिल प्रतिका रावल हुईं वनडे वर्ल्ड कप से बाहर



**नई दिल्ली.** भारतीय ओपनर प्रतिका रावल मौजूदा आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 से बाहर हो गई हैं. रावल को रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच में फील्डिंग करते समय टखने में चोट लगी थी. नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम पर वर्षाबाधित मैच में बाउंड्री के करीब फील्डिंग करते समय प्रतिका रावल फिसल गईं और दर्द से कहराने लगीं.

### दिल्ली में ट्रेडिंग स्कैम के 3 आरोपी गिरफ्तार

**नईदिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने तीन आरोपियों को 47 लाख रुपए के ऑनलाइन ट्रेडिंग फ्रॉड में गिरफ्तार किया है. ये लोग फर्जी शेयर बाजार निवेश योजना चलाकर लोगों को ठगते थे. यह सारा ऑपरेशन एक चीनी नागरिक के दिशा-निर्देशन में चल रहा था. गिरफ्तार आरोपियों में साहिल यादव (25) और आर्यन (22), जो पटना के रहने वाले हैं, और आशीष कुमार उर्फ जैक (36), जो बिहार के बेगूसराय के निवासी शामिल हैं.





दोनों दिग्गजों के पास अभी कई साल बाकी हैं!

## आज काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है 'मोन्था'

**नई दिल्ली 27 अक्टूबर. बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ा. इससे ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है. मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है.**

मौसम विभाग के अनुसार साइक्लोन मोन्था तट के करीब पहुंच चुका है. तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चली. यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है. केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई. पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. अलप्पुझा में एक मछुआरे की नाव पलटने और एर्नाकुलम में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से जान चली गई.

## स्वदेशी जहाज से दुश्मन के दांत होंगे खट्टे

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर. नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में 06 नवंबर को स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक भारत के समुद्री बेड़े में शामिल किया जाएगा. कोच्चि के नौसेना बेस में होने वाला यह समारोह भारत के जहाज निर्माण और स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा.**

नौसेना के मुताबिक अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में इक्षक का नौसेना में शामिल होना उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़



प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे क्षमता वृद्धि और आत्मनिर्भरता की गति को बल मिलेगा. कोलकाता के गार्डन रीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड में जहाज उत्पादन निदेशालय और युद्धपोत निरीक्षण दल की देखरेख में निर्मित इक्षक में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है. यह जहाज जीआरएसई और भारत के लघु उद्यमों के बीच सफल सहयोग का प्रमाण है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना और शक्ति को गर्व से दर्शाता है.

### संभल जामा मस्जिद के आरोपियों को जमानत दी

**नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर.** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में तीन आरोपियों दानिश, फैजान और नजीर को जमानत दे दी। पीठ ने यह आदेश अभियुक्तों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। इनकी ओर से अधिवक्ता सुलैमान मोहम्मद खान ने पैरवी की। गौरतलब है कि यह हिंसा 24 नवंबर 2024 को उस समय भड़की थी जब जिला और पुलिस प्रशासन, चंदौसी के सिविल जज के 19 नवंबर के दीवानी मामले में आदेश के बाद जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने पहुंचा था।



**छठ मैय्या को सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिया अर्ध्य**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को इंदौर के अनुपम नगर में आयोजित छठ पूजा के कार्यक्रम में कहा कि बिहार की जनता साफ और दिल से बेबाक बात कहने के लिए जाने जाते हैं। पूर्वांचल के साथ मालवा में भी छठ अनुपम पर्व बन गया है।

## अगले सीजेआई के लिए अनुशंसा

**नई दिल्ली 27 अक्टूबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने वरिष्ठता की स्थापित परंपरा का पालन करते हुए अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की औपचारिक रूप से अनुशंसा की है.**

न्यायमूर्ति गवई ने इस सप्ताह की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्रालय को लिखे एक पत्र में यह अनुशंसा की है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत वर्तमान में न्यायमूर्ति गवई के बाद उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं. न्यायमूर्ति सूर्यकांत नवंबर 2025 में श्री गवई की सेवानिवृत्ति के बाद



भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे. केंद्र सरकार ने हाल ही में अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है. इस प्रक्रिया के तहत वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के पद छोड़ने से लगभग एक महीने पहले अगले नये मुख्य न्यायाधीश के नाम की घोषणा की परंपरा है.

## कल राहुल और तेजस्वी की ज्वाइंट रैली

**आज आएगा महागठबंधन का घोषणा पत्र**

**महासचिव प्रियंका गांधी भी संभालेंगी मोर्चा**

**पटना, 27 अक्टूबर. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 29 अक्टूबर को आरजेडी नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के साथ चुनाव वाले बिहार में अपनी पहली राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे.**

दोनों मुजफ्फरपुर और दरभंगा में एक साथ रैली करेंगे.



नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सांसद की लंबी गैरमौजूदगी पर सवाल उठा रहा है. वहीं महासचिव प्रियंका गांधी 28 अक्टूबर को बेगूसराय आएंगी, जिले के बछवाड़ा में उनकी सभा होगी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को कन्फर्म किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी 30 अक्टूबर को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के कैंपेन के तहत मुजफ्फरपुर और छपरा में दो कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बिहार आएंगे. 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए वोटिंग दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होगी, जबकि नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे.

## जूता फेंकने वाले पर कार्रवाई नहीं

- **सुप्रीम कोर्ट ने इजाजत देने से किया इनकार**
- **महिमामंडन के खिलाफ गाइड लाइन लाने पर होगा विचार**

**नई दिल्ली 27 अक्टूबर. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वकील राकेश किशोर के खिलाफ सीजेआइ बीआर गवई के खिलाफ अभद्र व्यवहार के मामले में सुनवाई की और अपराधी पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करने से इनकार कर दिया.**

कोर्ट ने कहा कि सीजेआई ने उदारता दिखाते हुए राकेश किशोर को माफ कर दिया है, इसलिए इस मामले को समाप्त माना जाएगा.

हालांकि कोर्ट ने कहा कि वह भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए गाइड लाइन तय करने पर विचार करेगा. इस संबंध में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को देशभर की अदालतों में हुई ऐसी घटनाओं का ब्योरा जुटाने को कहा गया है. घटना के सोशल मीडिया में महिमामंडन के खिलाफ भी गाइड लाइन लाने पर विचार किया जाएगा.

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी.

**खुलासा** एनआईए और यूपीएटीएस ने भी की पूछताछ, सोशल मीडिया पर बनाए थे कई फर्जी एकाउंट

# आतंकी और उसके साथी के निशाने पर था राम मंदिर

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 अक्टूबर. आईएसआईएस आतंकी संगठन से जुड़े भोपाल और दिल्ली के अदनान (दोनों आतंकियों का एक ही नाम) संदिग्ध बड़े हमले की फिराक में थे. दिल्ली में ब्लास्ट करने के साथ ही यूपी का अयोध्या राम मंदिर भी इनके निशाने पर था. संदिग्ध आतंकियों के सोशल मीडिया पर बने कई फर्जी एकाउंट बनाए थे. यह जानकारी दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के सूत्रों के हवाले से सामने आई है.**



सूत्रों के अनुसार अदनान और उसके साथ के मोबाइल और लैपटाप का डाटा रिट्रीव करने पर मिले वीडियो, सोशल मीडिया एकाउंट को चेक करने पर देश विरोधी कई गतिविधियों का पता चला है. आतंकियों से स्पेशल सेल के अलावा अब एनआईए और यूपीएटीएस भी इस पूछताछ में शामिल हो गई है.

**5 महीने जेल में रह चुका है:** अदनान अदनान के खिलाफ इससे पहले एमपी एटीएस ने कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया था. अदनान पर यह कार्रवाई तब हुई थी, जब वह वाराणसी में ज्ञानव्यापी के सर्वे कराने वाले जज के खिलाफ सोशल मीड़िया पर धमकी भरा पोस्ट डाला था. अदनान इस दौरान 5 महीने तक जेल में भी रहा.

### अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है. श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि सभी श्रीराम भक्तों को यह जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है कि मुख्य मंदिर और परकोटा के 6 मंदिर- भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, सूर्यदेव, देवी भगवती, देवी अन्नपूर्णा, और शेषावतार मंदिर भी पूर्ण हो चुके हैं.

## ड्रग इंस्पेक्टर निलम्बित

**ग्वालियर। ड्रग इंस्पेक्टर अनुभूति शर्मा को निलंबित कर दिया गया है. अफसरों की रिपोर्ट पर राज्य शासन ने अनुभूति शर्मा को निलंबित किया है. अनुभूति पर अनुशासनहीनता और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना का आरोप लगा है.**

यह कार्रवाई उनके कार्यों में अनुशासनहीनता, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोपों के चलते की गई है. ड्रग इंस्पेक्टर अनुभूति शर्मा पर मेडिकल स्टोर निरीक्षण और लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी करने का आरोप लगा है.



दरअसल, उन्होंने मेडिकल स्टोर निरीक्षण और सैंपलिंग की जानकारी वरिष्ठ अफसरों को नहीं दी. इस गंभीर आरोप के बाद खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने ड्रग इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया. आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि अनुभूति शर्मा अपने दायित्वों का निर्वहन नियमों और प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुरूप नहीं कर रही थीं, जिससे विभागीय अनुशासन और कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही थी.